स्वास्थ्य संवर्द्धन के लिये नेल्सन मंडेला पुरस्कार

[स्रोत: द हिंदू](#)

हाल ही में **राष्ट्रीय मानसिक स्वास्थ्य और तंत्रिका विज्ञान संस्थान (National Institute of Mental Health and Neuro Sciences- NIMHANS)**, बंगलूरू को विश्व स्वास्थ्य संगठन (World Health Organization- WHO) द्वारा वर्ष 2024 के लिये **स्वास्थ्य संवर्द्धन के क्षेत्र में उत्कृष्ट कार्य करने के लिये** प्रतिष्ठित **नेल्सन मंडेला पुरस्कार** से सम्मानित किया गया है।

- यह **मानसिक स्वास्थ्य चुनौतियों** से निपटने और **सभी के लिये सुलभ मानसिक स्वास्थ्य सेवाएँ** सुनिश्चित करने के लिये देश की प्रतिबद्धता को दर्शाता है।
- भारत ने राष्ट्रीय स्वास्थ्य मिशन के माध्यम से लगभग सभी ज़िलों में टेली-मानस (Tele MANAS) हेल्पलाइन और मानसिक स्वास्थ्य इकाइयों की स्थापना के साथ मानसिक स्वास्थ्य के क्षेत्र में महत्त्वपूर्ण प्रगति की है।

राष्ट्रीय मानसिक स्वास्थ्य एवं तंत्रिका विज्ञान संस्थान (NIMHANS):

- यह एक **बहु-विषयक संस्थान** है जो **नैदानिक देखभाल, शिक्षा** (स्नातक, स्नातकोत्तर, पीएचडी कार्यक्रम) और **अनुसंधान** के माध्यम से **मानसिक स्वास्थ्य** तथा **तंत्रिका विज्ञान** दोनों पर केंद्रित है।
- **इसकी स्थापना वर्ष 1974** में की गई।
- वर्ष 1994 में इसे डीम्ड विश्वविद्यालय घोषित किया गया।
- यह **संसद के NIMHANS अधिनियम, 2012** द्वारा शासित है।
- वर्ष 2012 में इसे **राष्ट्रीय महत्त्व का संस्थान** घोषित किया गया।

WHO द्वारा स्वास्थ्य संवर्द्धन के लिये नेल्सन मंडेला पुरस्कार:

- **स्थापना: इसकी स्थापना वर्ष 2019 में** अफ्रीकी क्षेत्र के स्वास्थ्य मंत्रियों की पहल पर की गई।
- **पुरस्कार:** यह पुरस्कार ऐसे व्यक्ति, संस्थान या गैर-सरकारी संगठन, जो स्वास्थ्य संवर्द्धन में महत्त्वपूर्ण योगदान देते हैं, को दिया जाता है।

और पढ़ें: नेल्सन मंडेला - दक्षिण अफ्रीका में समानता के अग्रदूत, संयुक्त राष्ट्र और अंतर्राष्ट्रीय कूटनीति पर नेल्सन मंडेला का प्रभाव

PDF Refernece URL: https://www.drishtiias.com/hindi/printpdf/nelson-mandela-award-for-health-promotion